# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**<u>दिनाँक 01.10.2025</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।</u>**

## <u>“मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत राम नवमी पर्व के अवसर पर थाना गोला पुलिस द्वारा श्रद्धापूर्वक कन्या भोज का आयोजन कराया गया ।”</u>









उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 01.10.2025 को राम नवमी के पावन अवसर पर थाना गोला प्रांगण में धार्मिक वातावरण एवं भक्तिमय माहौल के बीच कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सम्मान एवं भारतीय संस्कृति में शक्ति के रूप में कन्याओं के महत्व को उजागर करना है कार्यक्रम में 1 से 10 वर्ष की कन्याओं का आमंत्रित किया गया और साथ ही पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं को शासन द्वारा चलाए जा रहा है मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 से जागरूक कर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि से अवगत कराते हुए साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वीमेन पावर लाइन-1090, वीमेन हेल्पलाइन नंबर -181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा - 108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा -101, साइबर हेल्पलाइन -1930, गुड टच बैड टच एवं साइबर अपराध आदि के बारे में जागरूक किया गया। सभी अधिकारियों ने कन्याओं का पूजन कर भोजन वितरण में सहभागिता की तथा उन्हें फल एवं उपहार भेंट किए ।

**"मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना निघासन पुलिस द्वारा नशा उन्मूलन अभियान चलाया गया एवं जागरूकता रैली निकाली गई**




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 01.10.2025 को थाना निघासन जनपद लखीमपुर खीरी मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम लुधौरी के पंचायत भवन में मिशन शक्ति से संबंधित कार्यक्रम को आयोजित किया गया। शासन की व विभाग की मंशा अनुरूप विभिन्न टोल फ्री नंबरों व योजनाओं को ग्रामीण महिलाओं को चौपाल के माध्यम से अवगत कराया गया तथा नारी सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण व नारी स्वालंबन के संदर्भ में भी सभी को अवगत कराया गया तथा यह भी भरोसा दिलाया गया कि पुलिस विभाग आप लोगों की सुरक्षा के लिए हर समय मुस्तैद है । हर व्यवस्थाएं पुलिस विभाग के द्वारा की गई हैं कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत को टोल फ्री नंबर के माध्यम से गोपनीय रूप से भी कर सकता है साथ ही महिला पुलिस टीम व ग्रामीण महिलाओं के द्वारा एक रैली भी मिशन सशक्तिकरण के तहत व नशा उन्मूलन अभियान के रूप में ग्राम लुधौरी कस्बे में कराया गया । साथ ही लुधौरी बाजार में नशा उन्मूलन के संदर्भ में उपस्थित पुरुष वर्ग को भी अवगत कराया गया कि नशा एक रोग है इसको बढ़ने न दें इससे छुटकारा लें तथा नशा के नजदीक न जाएं तथा नशा उन्मूलन के संदर्भ में एक रैली भी निकाली गई।

**“मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी द्वारा पैसे की तंगी के कारण पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ छात्रा की सहायता करते हुये छात्रा की फीस स्वयं वहन करने हेतु आश्वासन दिया गया एवं छात्रा को पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित करते हुये पढाई संबंधित सामग्री प्रदान की गई**





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए खीरी पुलिस महिलाओं की समस्याओं को दूर करने एवं उनकी सहायता करने हेतु पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आज दिनांक 01.10.2025 को जनपद खीरी के थाना मैलानी स्थित महिला सुरक्षा केंद्र में आगंतुका सरोज पुत्री अमरजीत सिंह निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मैलानी खीरी ने उपस्थित आकर अपने पिता द्वारा आगे ना पढ़ाई जाने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया। महिला सुरक्षा केंद्र पर नियुक्त महिला आरक्षी दीपिका त्यागी द्वारा प्रभारी निरीक्षक मैलानी को प्रार्थना पत्र के संबंध में तत्काल बताया गया। प्रभारी निरीक्षक मैलानी के आदेश के क्रम में आरक्षी चकित कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आगंतुका के पिता को थाना स्थानीय पर बुलाया गया। थाने पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा आगंतुका सरोज व उसके पिता से वार्ता की गई व सरोज के पिता अमरजीत से अपनी पुत्री सरोज को आगे न पढ़ा पाने का कारण पूछा तो अमरजीत ने बताया, साहब मैं एक गरीब व्यक्ति हूं मेरी पत्नी का निधन हो चुका है मेरी पांच पुत्री हैं मैं मजदूरी करके अपनी व अपनी पुत्रियों का गुजर बसर करता हूं मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसलिए मैं अपनी लड़की सरोज को आगे पढ़ा नहीं पा रहा हूं। इस पर प्रभारी निरीक्षक मैलानी द्वारा आगंतुका से पूछा गया कि वह किस स्कूल/कॉलेज की छात्रा है। इस पर सरोज ने बताया कि वह रामचंद्र यादव महाविद्यालय जो की मैलानी थाना क्षेत्र में स्थित है में BA फर्स्ट ईयर की छात्रा हूं। इस पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 राकेश यादव जी से छात्र की फीस के संबंध में वार्ता की गई तो छात्रा की फीस बृजेश कुमार मौर्य प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी द्वारा वहन करने का आश्वासन दिया गया तथा आगंतुका सरोज को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए भेंट स्वरूप पढ़ाई से संबंधित सामग्री दी गई तथा भविष्य में आगंतुका को पढ़ाई से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस द्वारा मदद का आश्वासन दिया गया.।

**<u>मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना उचौलिया पुलिस द्वारा डोरीलाल इंटर कॉलेज बनकागांव की बालिकाओं को थाने का भ्रमण कराया गया, थाने के कार्यों एवं अन्य योजनाओं, हेल्पलाइन नम्बरो से अवगत कराया गया।”</u>**






उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 01.10.2025 को थाना उचौलिया पुलिस द्वारा डोरीलाल इंटर कॉलेज बनकागांव की बालिकाओं को थाने का भ्रमण कराया गया । छात्राओं को मिशन शक्ति फेस 5.0 की उद्देश्यमूलक गतिविधियों एवं महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। थाना क्षेत्र का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा कराई गई तथा महिला सुरक्षा उपायों के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली, थाने में पंजीकृत प्रकरणों की सुनवाई व निस्तारण की प्रक्रिया तथा जनसहभागिता की भूमिका से अवगत कराया गया। साथ ही उनको विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।

## मिशन शक्ति फेज-5: जनपद खीरी के थाना गौरीफंटा में राजकीय हाईस्कूल भूड़ा की कक्षा 10वी की छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी, महिला सशक्तिकरण की ओर सार्थक पहल”






उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 01.10.2025 को जनपद खीरी के थाना गौरीफंटा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय हाईस्कूल भूड़ा की कक्षा 10वी की छात्रा आशिकी एक दिवसीय थाना प्रभारी गौरीफंटा नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, शिकायतों की सुनवाई, अपराधों की विवेचना और महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। एक दिवसीय थानाध्यक्ष के रूप में आशिकी ने महिला संबंधी शिकायतों की सुनवाई की और फरियादियों से संवाद स्थापित किया। उन्हें महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य –**

✔ महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना।

✔ पुलिस व समाज के बीच सकारात्मक संवाद व विश्वास की स्थापना करना।

✔ बालिकाओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराकर उनमें आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करना।

# जनपद खीरी में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पिछले 24 घंटे में खीरी पुलिस द्वारा कुल 90 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई



पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपद में महिलाओ/बालिकाओ के लिये सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त थानों की टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत भीड-भाड़ वाले इलाको, कोचिंग सेटर्स, विद्यालय, पार्क आदि मे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/किशोरो से भी पूछताछ व उन्हें कड़ी चेतावनी दी गयी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा विगत सप्ताह से प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत विगत दिवस महिला संबंधी अपराधों में वांछित चल रहे कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं मा0 न्यायालय में प्रचलित मामलों/वादों से संबंधित पीड़िताओं को शीघ्रातिशीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से कुल 10 वारंटियों को भी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में चेकिंग के दौरान फब्तियां कसते या अनुचित कृत्य करते हुए पाये जाने पर धारा 296/74 बीएनएस के तहत कुल 18 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। साथ ही कुल 41 व्यक्तियों के खिलाफ (170/126/135 बीएनएसएस) निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है।

**<u>मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना फरधान पुलिस मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा, सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने वाली लङकियो व महिलाओ से अश्लील हरकतें करने वाले 03 नफर व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया</u>**



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फरधान के नेतृत्व में आज दिनांक- 01.10.2025 को थाना फरधान की एण्टीरोमियो टीम द्वारा, सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में लड़कियो व महिलाओ से अश्लील हरकतें करने वाले 03 नफर अपराधी/अभियुक्तों 1.राहुल वर्मा पुत्र रामबहादुर वर्मा 2.तसौवर पुत्र अली हसन 3.सत्यपाल पुत्र रामू निवासीगण ग्राम सैदापुर सराय थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 386/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

1.राहुल वर्मा पुत्र रामबहादुर वर्मा निवासी ग्राम सैदापुर सराय थाना फरधान जनपद खीरी
2.तसौवर पुत्र अली हसन निवासी ग्राम सैदापुर सराय थाना फरधान जनपद खीरी
3.सत्यपाल पुत्र रामू निवासी ग्राम सैदापुर सराय थाना फरधान जनपद खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.व0उ0नि0 कृष्ण कुमार
2.का0 रिंकूपाल
3.का0 शिवम वर्मा

# थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक शारदानगर के नेतृत्व में थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, 03 नफर अभियुक्तगण को टहारा के आगे समाधि वाले रोड से एक अदद चोरी की मो0सा0 सहित गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना शारदानगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.मुरसुद्दीन पुत्र फैय्याज निवासी ग्राम पठाननपुर थाना पढुवा जनपद खीरी
2.अल्लन पुत्र महरूम बाबू निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढुवा जनपद खीरी
3.रिजवान पुत्र अबरार निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढुवा जनपद खीरी

**अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग**

1.मु0अ0स0 278/2025 धारा 35/317(2)/317(4) BNS

**बरामद माल का विवरण**

एक अदद मोटर साइकिल डिस्कावर नं0 UP 33 U 5137

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह थाना शारदानगर जनपद खीरी
2.निरीक्षक अपराध श्री इन्साफ अली थाना शारदानगर जनपद खीरी
3.उ0नि0 श्री अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी थाना शारदानगर जनपद खीरी
4.हे0का0 विमल रावत थाना शारदानगर जनपद खीरी
5.का0 संदीप थाना शारदानगर जनपद खीरी,
6.का0 चन्द्रभान थाना शारदानगर जनपद खीरी

**<u>वैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 90 लीटर अवैध शराब बरामद कर 09 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>90 लीटर अवैध कच्ची शराब</u>** बरामद कर **<u>09 नफर</u>** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>09 अभियोग</u>** पंजीकृत किये गये।